राख से भरे डंपरों का तांडव, युवक की मौत से आक्रोश

झाबुआ पावर प्लांट के ओवरलोड डंपर ने पिकअप को रौंदा, 19 वर्षीय युवक की मौके पर मौत

आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर किया चक्काजाम, 6 घंटे तक बाधित रहा घंसौर-मंडला मार्ग

घंसौर नवभारत। घंसौर-जबलपुर मार्ग एक बार फिर मौत के डंपरों की रफ्तार से दहल उठा। झाबुआ पावर प्लांट से राख लेकर दौड़ रहे एक ओवरलोड डंपर ने रूपदोन के पास पिकअप वाहन को ऐसी टक्कर मारी कि 19 वर्षीय युवक सत्येंद्र ककोड़िया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए, जबकि उसमें सवार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार समनापुर निवासी सत्येंद्र ककोड़िया अतरिया गांव से पिकअप वाहन लेकर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार राख से भरे ओवरलोड डंपर क्रमांक आरजे 17 जीबी 8537 ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह चकनाचूर हो गया और युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर लखनादौन - मंडला मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि झाबुआ पावर प्लांट से निकलने वाले राख से भरे ओवरलोड डंपर लंबे समय से लोगों की जान के दुश्मन बने हुए हैं, लेकिन प्रशासन और प्लांट प्रबंधन सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंदे बैठा है। ग्रामीणों का कहना था कि यह कोई पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी कई निर्दोष लोग इन भारी वाहनों की चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन न तो ओवरलोडिंग पर रोक लगाई गई और न ही बेलगाम रफ्तार पर लगाम कसने की कोशिश हुई। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि आखिर कितनी मौतों के बाद प्रशासन जागेगा?

करीब 2 किलोमीटर लम्बा जाम लगा

ग्रामीणों के उग्र प्रदर्शन के चलते लखनादौन - मंडला मार्ग पर दोनों ओर करीब दो-दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सैकड़ों वाहन घंटों तक सड़क पर फंसे रहे। यात्री, मरीज और आमजन भारी परेशान होते रहे, जबकि प्रशासन हालात संभालने में जुटा रहा। करीब 6 घंटे तक चले हंगामे और धरना-प्रदर्शन के बाद प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। अधिकारियों ने दोषियों पर कार्यवाही और मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद शाम लगभग 6 बजे ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया और आवागमन बहाल हो सका। घंसौर से जबलपुर तक मार्ग पर तेज रफ्तार और ओवरलोड डंपरों की आवाजाही अब लोगों के लिए दहशत का कारण बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की तो आने वाले दिनों में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर कब तक सड़कों पर मौत के डंपर बेखौफ दौड़ते रहेंगे और निर्दोष लोग अपनी जान गंवाते रहेंगे?

50 लाख मुआवजे की मांग

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को झाबुआ पावर प्लांट प्रबंधन की ओर से 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन शुरुआती घंटों में वरिष्ठ अधिकारियों के नहीं पहुंचने से लोगों का गुस्सा और भड़क गया। स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी रही।

तिकोना पार्क में टंकी बनाए जाने से रेहड़ी पटरी वालों की रोजी-रोटी को लेकर समस्या

छपारा नवभारत। विगत लगभग ढेड़ साल पहले शंकर मढिया मैदान पर फास्ट फूड और चाट आइसक्रीम वाले रेहड़ी पटरी गुमठियों में वहां दुकान चला दुकानदारों को नगर परिषद कार्यालय निर्माण कार्य किए जाने को लेकर वहां से हटाकर उन्हें जनपद पंचायत कार्यालय और पुलिस थाना क्षेत्र स्थित तिकोना पार्क पर चौपाटी लगाने को कहा गया जिसपर जनवरी 2025 में सभी दुकानदारों ने यहां चौपाटी बना दुकानों को लगाना शुरू कर दिया वहीं लगभग चार दिन पहले नगर परिषद द्वारा वहां टंकी निर्माण हेतु चिन्हित कर 10 मई को सभी चौपाटी के दुकानदारों को वहां से दुकानें हटाने को लेकर कह दिया गया जिसमें वहां फास्ट फूड और चाट आइसक्रीम दुकान संचालकों में अपनी रोजी रोटी और आगे गृहस्थी चलाने को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं ज्ञात हो कि नगर परिषद उक्त स्थान पर पानी की टंकी का निर्माण करने जा रही है। वहीं दूसरी ओर नगर के लालमाटी, सिंचाई कालोनी और मौक्षधाम के समीप तीन स्थानों पर नल-जल योजना के लिए पेयजल भंडारण किए जाने को पानी की टंकियों का निर्माण कार्य लगभग चार महीने से जारी है इसके अलावा नगर के पीएचई कार्यालय परिसर में एक पुरानी जर्जर हालत में बड़ी टंकी है जिसके डिस्मेंटल किए जाने को लेकर दो वर्ष से मंजूरी नगर परिषद द्वारा ली जा चुकी है लेकिन नगर परिषद छपारा द्वारा उक्त टंकी को डिस्मेंटल कर वहां फिर से टंकी निर्माण किए जाने को लेकर कवायद नहीं की गई । वहीं नल जल योजना में पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन बिछाई जाने में नियमों को ताक में रखकर कार्य और लगभग नगर के सभी वार्डों में मार्गों को उधेड़ कर पाइपलाइन बिछाई जा रही है। नगरवासियों द्वारा जिला प्रशासन से विनोद अग्रवाल, विष्णु गिरी गोस्वामी प्रताप मोमोज और सुनील डेहरिया जैसे छोटे छोटे व्यवसायों से जुड़े दुकानदारों के विषय में भी संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

ग्राम पंचायत सलेमा में प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ा घोटाला!

सिवनी नवभारत। जिले के धनौरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सलेमा में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित पंचायत के अन्य कार्यों में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव हरिराम चंद्रवंशी, पूर्व रोजगार सहायक ध्रुव इनबाती एवं सरपंच करन सल्लाम पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत जनपद पंचायत धनौरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओंकार सिंह ठाकुर को सौंपी है। शिकायत में ऐसे मकानों पर राशि निकालने का आरोप लगाया गया है, जो वास्तविकता में बने ही नहीं हैं। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत सलेमा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई ऐसे हितग्राहियों के नाम पर भुगतान किया गया, जिनके मकान आज तक अधूरे हैं या जमीन पर अस्तित्व में ही नहीं हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस पूरे मामले में केवल रोजगार सहायक ही नहीं, बल्कि पंचायत सचिव हरिराम चंद्रवंशी की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत में भ्रष्टाचार का दायरा केवल आवास योजना तक सीमित नहीं है। पंचायत स्तर पर फर्जी तरीके से 50 किलो चावल, 14,950 रुपए की बूंदी, पुनः 12,600 रुपए की बूंदी सहित अन्य सामग्री के नाम पर भुगतान किए गए। शिकायत में विश्वकर्मा ट्रेडर्स समेत अन्य नामों पर भी कथित फर्जी भुगतान का उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों ने इन सभी मामलों से जुड़े दस्तावेज, फोटो एवं अन्य प्रमाण शिकायत के साथ संलग्न कर जनपद पंचायत धनौरा के सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर को सौंपे थे। मामले को गंभीर मानते हुए सीईओ द्वारा 23 अप्रैल 2026 को चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया।

बता दें कि जांच दल में मानक लाल मुरापे, आर.एल. धुर्वे (पीसीओ), मनोज नामदेव (बीसी आवास) राजेन्द्र धुर्वे (उपयंत्री) शामिल है। वहीं आदेश में स्पष्ट रूप से तीन दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन शिकायत के कई दिन बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जांच दल अब तक केवल शिकायतकर्ताओं के बयान लेने तक सीमित रहा है। आवासों की वास्तविक स्थिति की मौके पर गंभीर जांच नहीं की गई। जबकि शिकायतकर्ताओं ने अपने आवेदन के साथ फोटो, दस्तावेज और अन्य साक्ष्य पहले ही प्रस्तुत कर दिए थे। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब जनपद सीईओ ने तीन दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे, तो आखिर कई दिनों बाद भी रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं हुई? तीन दिन में रिपोर्ट देने के आदेश के बावजूद जांच लंबित रहने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

तेज आंधी तूफान ने छीना बुजुर्ग विधवा का आशियाना

सिवनी। ग्राम बकौड़ी में कच्चा मकान धराशायी, यहां वहां रहने को मजबूर गरीब बुजुर्ग विधवा महिला जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड कुरई के अंतर्गत आने वाले ग्राम बकौड़ी में बीते दिनों आए तेज आंधी-तूफान ने एक गरीब विधवा बुजुर्ग महिला का सब कुछ उजाड़ दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बकौडी निवासी 72 वर्षीय संतर बाई चौरसिया का कच्चा मकान तूफान की चपेट में आने से पूरी तरह तहस-नहस हो गया है। छत उड़ गई, दीवारें ढह गईं और घर-गृहस्थी का सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। *दूसरों के घरों में रह रहीं बुजुर्ग-* पीड़ित बुजुर्ग संतर बाई एक विधवा महिला हैं और बहुत ही गरीबी में जीवन यापन कर रही हैं। पति की मृत्यु के बाद से ही वह अकेले इस कच्चे मकान में रह रही थी। छोटा मोटा काम करके किसी तरह दो वक्त की रोटी की व्यवस्था करती थी। लेकिन अब तूफान ने उसका एकमात्र सहारा, उसका घर भी छीन लिया है।

नवागत एसपी कृष्ण लालचंदानी ने ली जिले की पहली क्राइम मीटिंग

अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

सिवनी नवभारत। 10 मई को नवागत पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा जिला पुलिस कंट्रोल रूम में पदभार ग्रहण करने के उपरांत पहली अपराध समीक्षा बैठक (क्राइम मीटिंग) आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा अन्य पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए जिले की कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ सुना जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में त्वरित एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित अपराधों, शिकायतों एवं विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने लंबित समंस एवं वारंटों की तामीली में तेजी लाने तथा गुमशुदा बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

महिला संबंधी अपराधों के मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक मामले की जांच गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ की जाए। बैठक में जिले में संचालित अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु भी कड़े निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री, अवैध शराब, जुआ-सट्टा, गौवंश तस्करी तथा अन्य असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों एवं योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना एवं पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं सूबेदार उपस्थित रहे।

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट सख्त

धनौरा पुलिस को दबिश देकर कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दायर याचिका प्रदीप कुमार दुबे बनाम मध्य प्रदेश राज्य एवं अन्य मामले में हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। माननीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पुलिस कार्रवाई पर लगातार निगरानी रखते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।

मामले में तीन आरोपी — रामकृष्ण डेहरिया, सुरेश डेहरिया एवं जयंत डेहरिया — अब भी फरार बताए जा रहे हैं। याचिकाकर्ता पक्ष का आरोप है कि पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई के दावे किए जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

07 अप्रैल 2026 को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी कि आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी क्यों नहीं हो पाई। न्यायालय ने प्रतिवादी पक्ष से विस्तृत रिपोर्ट तलब करते हुए मामले को 16 अप्रैल 2026 के लिए सूचीबद्ध किया था। इसके बाद 16 अप्रैल 2026 को राज्य पक्ष द्वारा विस्तृत निर्देश प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने अगली सुनवाई 06 मई 2026 को निर्धारित की। 06 मई 2026 को हुई सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से जांच संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस दौरान याचिकाकर्ता पक्ष ने न्यायालय को अवगत कराया कि फरार आरोपी अभी भी गांव में ही निवास कर रहे हैं। इस पर हाईकोर्ट ने थाना धनौरा, जिला सिवनी पुलिस को निर्देशित किया कि याचिकाकर्ता द्वारा बताए गए स्थानों पर तत्काल दबिश देकर आरोपियों की तलाश की जाए तथा अगली सुनवाई से पूर्व विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। मामले में यह भी उल्लेखनीय है कि 08 अप्रैल 2026 को जयंत डेहरिया एवं अमान सिंह शिववेदी पर इनाम घोषित किया गया था, जबकि 14 अप्रैल 2026 को अमान सिंह शिववेदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। स्थानीय स्तर पर यह माना जा रहा है कि हाईकोर्ट की सख्ती और लगातार निगरानी के बाद पुलिस कार्रवाई में तेजी आई है। हाईकोर्ट के लगातार सख्त रुख के बाद अब पुलिस की आगामी कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। मामले की अगली सुनवाई 29 जून 2026 को निर्धारित की गई है।

छपारा में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती, हुआ गौरवपूर्ण आयोजन

छपारा नवभारत। नगर में शनिवार 9 मई को शौर्य, स्वाभिमान, त्याग और बलिदान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर सहित पूरे क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

वहीं नगर के बस स्टैंड परिसर में स्थापित महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा की सुबह साज सज्जा की गई। साथ ही देर शाम छह बजे बैंड बाजे के साथ भव्यता देखी गई इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक रजनीश सिंह द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों के साथ माल्यार्पण किया गया साथ सभी मुख्य वक्ताओं ने महाराणा प्रताप को याद करते हुए हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला, वहीं विधायक रजनीश ने महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा का वर्णन किया। प्रतिमा स्थापना का कार्य मध्य प्रदेश राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा कराया गया, जिसे क्षेत्रवासियों ने ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान समाजजनों एवं नागरिकों ने प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की तथा महाराणा प्रताप जी के शौर्य और राष्ट्रभक्ति को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण की अनुपम मिसाल है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी। उल्लेखनीय है कि महाराणा प्रताप जी का जन्म 9 मई 1540 को मेवाड़ राजवंश में हुआ था। उनकी जयंती देशभर में अलग-अलग तिथियों पर मनाई जाती है। नगरवासियों ने प्रतिमा स्थापना को छपारा और पूरे सिवनी जिले के लिए गौरव का विषय बताया। वहीं देर शाम भव्य एवं शानदार आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया।

आयोजन | संघ अर्थात त्याग, तपस्या, अनुशासन और सामूहिकता है : प्रांत प्रचारक ब्रजकांत

स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता विकास वर्ग विशेष का शुभारंभ

सिवनी नवभारत। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत का कार्यकर्ता विकास वर्ग विशेष का सिवनी में 15 दिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग विशेष का आज शुभारंभ हुआ। आयोजित इस वर्ग में महाकौशल प्रांत के 10 विभाग के 34 जिलों से 168 स्वयंसेवक वर्ग में सहभागिता कर रहे है। जिसमें अधिवक्ता, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, सेवा निवृत्त कर्मचारी, प्रोफेसर तथा व्यवसायी व कृषक है जो 41 वर्ष से लेकर 65 वर्ष आयु तक के स्वयंसेवक सहभागिता कर रहे है।

संघ शिक्षा वर्ग के शुभारंभ सत्र में वर्ग के सर्वाधिकारी परमिंदरजीत सिंह बिन्द्रा जी, वर्ग कार्यवाह रमेश साहू जी एवं महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचारक ब्रजकांत जी ने माँ भारती को पूजन-अर्चन कर व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। वर्ग में उपस्थित प्रांत प्रचारक ब्रजकांत जी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कार्यकर्ता विशेष वर्ग ऐतिहासिक वर्ग है। क्योकि यह संघ का शताब्दी वर्ष में आयोजित हो रहा है साथ ही वंदे मातरम् गीत का 150 वॉ वर्ष और गुरू तेगबहादुर जी की पुण्यतिथि (शहादत पर्व) का 350 वॉ वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। बाबा साहब अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण करते हुए यह कल्पना की थी कि समाज का हर व्यक्ति शिक्षित होगा और राष्ट्र के लिए समर्पित होगा। संघ कोई राजनीतिक या सांस्कृतिक संगठन नही है अपितु संघ एक वैचारिक संगठन है जहां विचारों के माध्यम से व्यक्तियों के निर्माण का कार्य किया जाता है। कार्यकर्ताओं के लिए संघ शिक्षा वर्ग सर्वप्रथम 1929 में संघ के संस्थापक डॉ. साहब ने संघ के अधिकारी शिक्षा वर्ग (ओटीसी) प्रारंभ हुआ। जिसे 1950 से गुरूजी ने संघ शिक्षा वर्ग का नाम दिया। संघ अर्थात त्याग, तपस्या, अनुशासन, सामूहिकता, समय पालन, प्रमाणिकता और सामाजिक समरसता है। अनुशासन और समय पालन जिसके जीवन में आता है तभी प्रगति होती है।

प्रतिदिन वर्ग का प्रारंभ प्रातः 4 बजे जागरण के साथ होता है। जिसमें स्नान ध्यान के अलावा शारीरिक प्रशिक्षण संघ स्थान पर दिये जाते है जिसमें व्यायाम, योग, दंड संचालन, नियुद्ध इत्यादि का प्रशिक्षण स्वयंसेवक प्राप्त कर रहे है। वही दिन में भोजन के पूर्व व उपरांत बौद्धिक चर्चा सत्र व गीत प्रार्थना अभ्यास के सत्रों के माध्यम से भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ग 10.05.2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 24.05.2026 को समाप्त होगा। इन 15 दिनों में सिवनी नगर की मातृशक्ति प्रातः व सायं भोजन हेतु भोजन बनाने में सहयोग प्रदान कर रही है, वही दूसरी ओर सायं संघ स्थान के समय नगर के गणमान्य नागरिकों व बुद्धिजीवी वर्ग के विभिन्न श्रेणियों के बंधु एवं भगनियों के वर्ग दर्शन की व्यवस्था भी की गई है।

राजकुमार के आवेदन के बाद टिकट एजेंट की नियुक्ति

सिवनी नवभारत। मातृधाम रेलवे स्टॉपेज में टिकिट एजेंट ना होने के कारण स्टॉपेज में तकरीबन दो दर्जन फलदार ,छायादार,एवं पुष्प पेड़ पौधों को डा राजकुमार सनोडिया द्वारा बरिष्ठजनों,समाज सेवियों, राजनेताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनियों के कर कमलों से लगवाया गया था वे पानी विहीन पौधे आज की दशा में सूख चुके हैं। वहीं स्टॉपेज का रख रखाव भी अस्तव्यस्थ होकर दुर्दशा का शिकार हो गया है। टाइल्स उखड़ रही है ,यात्रियों को शुद्ध पीने का पानी नहीं है, बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सी तो है परन्तु छत(टीन सेड)नहीं है, टिकिट एजेंट के लिए एक कमरा है परन्तु लाइट पंखा नहीं है इन्ही सब बातों को लेकर किसान संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव डा राजकुमार सनोडिया ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को नये टिकिट एजेंट की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र ज्ञापन दिया एवं दूरभाष के माध्यम से भी अवगत कराया गया था। इस बात को प्रमुखता से वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने संज्ञान में लेकर विधिवत कार्यवाही के तहत अपने पत्र संख्या/एन जी पी27/मात्रधाम/कार्यालय से अरविंद कुमार साव सहायक वाणिज्य प्रबंधक कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द.पू.म.रेलवे नागपुर द्वारा मात्रधाम रेलवे स्टॉपेज मे टिकिट एजेंट की नियुक्ति प्रध्यूम सनोडिया ग्राम करहैया निवासी को नियुक्त किया गया है जिसका फोन नं 9584633258 है अब यात्रीगणों को स्टॉपेज से रेल यात्रा के लिए टिकिट सुविधा अनुसार मिल जायेगी। इस नियुक्ति को लेकर डा राजकुमार सनोडिया ने सभी रेलवे के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों का आभार जताया है।

ॐ शांति
भावभीनी श्रद्धांजलि
ॐ शांति

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री सुरेश सिंह ठाकुर जी
जन्म 29/10/1959 | स्वर्गवास 03/05/2026
आप हमारे बीच नहीं रहे।
आपका स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन सदैव हमारे साथ रहेगा।
आपकी कमी जीवनभर महसूस होगी।
ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।
श्रद्धांजलि सभा
दिनांक - 15/05/2026
(शुक्रवार)
शोकाकुल परिवार
श्रीमती लक्ष्मीबाई ठाकुर
डॉ. रामेश्वर सिंह ठाकुर
पवन सिंह ठाकुर
एवं समस्त परिवार
आप हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे...
नमन, स्मरण और विनम्र श्रद्धांजलि।